राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने वरिष्ठ चिकित्सकों से कहा
प्रदेश के हर नागरिक को बेहतर चिकित्सा मिले, ऐसा ध्येय रखें

राज्यपाल को चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी दी डॉ. भण्डारी ने

जयपुर, 23 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को यहां राजभवन में सवाई मानसिंह आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के सभी विभागों के अध्यक्षों ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सभी चिकित्सकों का परिचय लिया और कहा कि सवाई मानसिंह चिकित्सालय राजस्थान का बेहतरीन अस्पताल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। गरीब और जरूरतमंद को चिकित्सा क्षेत्र की योजनाओं का लाभ आवश्यक रूप से मिलना सुनिश्चित करना होगा।

राज्यपाल श्री मिश्र को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर भण्डारी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल को बताया कि लोगों को भामाशाह व आयुष्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। डॉ. भण्डारी ने बताया कि प्रदेश के इस सबसे बड़े अस्पताल में मरीजों को सस्ता ईलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी चिकित्सकों ने संक्षेप में अपने—अपने विभाग की गतिविधियों के बारे में बताया।

राज्यपाल श्री मिश्र की चिकित्सकों से कैंसर व हृदय रोग के मरीजों को सस्ता व सुगम ईलाज कैसे मिले, इस पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यपाल ने कहा कि ईलाज में नवीनतम तकनीक और आधुनिकतम उपकरणों का उपयोग किया जाना चाहिए।

————

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल